प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद से मुकाबला, तटीय सुरक्षा, साइबर अपराध, नए आपराधिक कानून और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने सहित राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज दिल्ली से लौटने के बाद रोहड़ू जाने का कार्यक्रम है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री आज रोहडू में एच.पी.एम.सी. सी ए स्टोर का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल रोहडू का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दोपहर बाद राजकीय डिग्री कॉलेज सीमा रोहडू और छुंजर–कटलाह, शलान, मेल्थी–कुपरी उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना व रोहडू के साथ लगते ग्रामीण क्षेत्र के लिए उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना का भी शुभारंभ करेंगे।

**सरकार–एडीबी**

केंद्र सरकार और एशियाई विकास बैंक–ए.डी.बी. ने बागवानी से जुड़े किसानों के लिए 9 करोड़ 80 लाख डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते से किसानों को रोग मुक्त प्रमाणित रोपण सामग्री प्राप्त हो सकेगी और फलों की उत्पादकता, गुणवत्ता बढ़ाने व जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने में सहायता मिलेगी।

**मस्जिद**

हिमाचल प्रदेश के बहुचर्चित संजौली मस्जिद विवाद में आज जिला अदालत अपना फैसला सुना सकती है। इस केस में बहस पूरी हो गई है। पिछली सुनवाई में वक्फ बोर्ड के जवाब के बाद कोर्ट ने फैसला रिजर्व रख दिया था। गौरतलब है कि ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन ने नगर निगम आयुक्त शिमला के 5 अक्टूबर के आदेशों को जिला कोर्ट में चुनौती दी थी। इसमें दलील दी गई कि मोहमद लतीफ नाम के जिस व्यक्ति ने मस्जिद तोड़ने की सहमति दी है, वह इसके लिए अधिकृत नहीं है। इस पर कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से मोहमद लतीफ को लेकर जवाब मांगा था, जो कि पिछली सुनवाई में वक्फ बोर्ड ने कोर्ट को दे दिया है। वक्फ बोर्ड ने संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष मोहमद लतीफ को लेकर साल 2006 का वह डॉक्यूमेंट कोर्ट में दिखाया, जिसमें मोहमद लतीफ को संजौली मस्जिद कमेटी का अध्यक्ष बनाने की बात कही गई थी।

**उपायुक्त शिमला**

जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि शिमला जिला के सभी सी डी पी ओ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के साथ संवाद को बढ़ाए और उनके साथ बैठकर खाना खाए। उन्होंने कहा कि केंद्रों में होने वाली दैनिक गतिविधियों का औचक निरीक्षण समय–समय

पर करें और बच्चों से केंद्र में होने वाली गतिविधियों के बारे में फीडबैक लें। उपायुक्त ने सभी सी डी पी ओ को निर्देश दिए कि हर आगंनवाड़ी केंद्र की डिजिटल बुक बनाई जाए। इसमें केंद्र के बच्चों का सामूहिक चित्र, दैनिक गतिविधियों के बारे में और केंद्र में काम करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व हेल्पर की फोटो भी संग्लित करें।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी है ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शीतलहर लगातार बढ़ रही है। ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस 11 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है जो इस सर्दी के सीजन में सबसे कम है। प्रदेश में कृषि व बागवानी पर इस बार सूखे की मार पड़ रही है। इससे न केवल प्रदेश में सर्दियों के दौरान होने वाली रबी की फसल प्रभावित हुई है बल्कि बारिश न होने के कारण राज्य की पेयजल व सिंचाई योजनाओं सहित पर्यटन व्यवसाय पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से चंबा, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 3 दिसंबर तक बारिश व बर्फबारी होने जबकि अन्य जिलों में मौसम साफ रहने की संभावना है।

<u>अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

**अमर उजाला** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से शीर्षक दिया है **हिमाचल ने जम्मू कश्मीर की तर्ज पर पर मांगा विशेष औद्योगिक पैकेज। दैनिक जागरण** ने लिखा है **सुक्खू ने हिमाचल के लिए मांगा विशेष औद्योगिक पैकेज। हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **जे एंड के व पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर मिले हिमाचल को भी विशेष औद्योगिक पैकेज। आपका फैसला** का कहना है **हिमाचल प्रदेश को विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान किया जाए।**

**पंजाब केसरी** के अनुसार **जन समस्या निवारण के लिए सोमवार व वीरवार को कार्यालय में उपस्थित रहेंगे डी.सी–एस.पी,** मुख्यमंत्री के आदेश पर सचिव प्रशासनिक सुधार की तरफ से अधिसूचना जारी। **दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **सभी डीसी को हफते में 2 दिन ऑफिस में बैठकर सुननी होंगी लोगों की समस्याएं। दैनिक जागरण ने लिखा है सप्ताह में दो दिन कार्यालय में रहेंगे डीसी और एसपी।**

**दिव्य हिमाचल** ने **ड्रोन हिमाचल से पी.जी.आई. पहुंचाएगा इनसानी अंग** शीर्षक से लिखा है एंबुलेंस में लग रहे थे चार घंटे, अब सिर्फ एक घंटा ही लगेगा।

मौसम से जुड़ी खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **सूखे की मार–प्रदेश में 63 फीसदी भूमि पर नहीं हो पाई गेहूं की बुआई। आपका फैसला** के शब्द हैं **हिमाचल के पांच जिलों में पांच दिन बारिश–बर्फबारी के आसार।**

**प्रदेश हाईकोर्ट में नौकरी का मौका, भरे जाएंगे 187 पद अमर उजाला** की एक अन्य खबर है।